पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय सीतापुर प्रथम पाली
कक्षा आठवीं-(हिन्दी)

पूर्णांक- 40
समय -90 मिनट

निर्देश पूछे गए प्रश्नों के अनुसार उत्तर लिखिए
प्रश्न1- निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के अनुसार उत्तर लिखिए (1x5=5)
कार्य का महत्त्व और उसकी सुंदरता उसके समय पर संपादित किए जाने पर ही है। अत्यंत सुघड़ता से किया हुआ कार्य भी यदि आवश्यकता के पूर्व न पूरा हो सके तो उसका किया जाना निष्फल ही होगा। चिड़ियों द्वारा खेत चुग लिए जाने पर यदि रखवाला उसकी सुरक्षा की व्यवस्था करे तो सर्वत्र उपहास का पात्र ही बनेगा। उसके देर से किए गए उद्यम का कोई मूल्य नहीं होगा। श्रम का गौरव तभी है जब उसका लाभ किसी को मिल सके। इसी कारण यदि बादलों द्वारा बरसाया गया जल कृषक की फ़सल को फलने-फूलने में मदद नहीं कर सकता तो उसका बरसना व्यर्थ ही है। अवसर का सदुपयोग न करने वाले व्यक्ति को इसी कारण पश्चाताप करना पड़ता है।

क) जीवन में समय का महत्त्व क्यों है?

(i) समय काम के लिए प्रेरणा देता है।

(ii) समय की परवाह लोग नहीं करते।

(iii) समय पर किया गया काम सफल होता है।

(iv) समय बड़ा ही बलवान है।

(ख) खेत का रखवाला उपहास का पात्र क्यों बनता है?

(i) खेत में पौधे नहीं उगते।

(ii) समय पर खेत की रखवाली नहीं करता।

(iii) चिड़ियों का इंतजार करता रहता है।

(iv) खेत पर मौजूद नहीं रहता।।

(ग) चिड़ियों द्वारा खेत चुग लिए जाने पर यदि रखवाला उसकी सुरक्षा की व्यवस्था करे तो सर्वत्र उपहास का पात्र ही बनेगा। इस पदबंध का प्रकार होगा

(i) संज्ञा

(ii) सर्वनाम

(iii) क्रिया

(iv) क्रियाविशेषण

(घ) बादल का बरसना व्यर्थ है, यदि

(i) गरमी शांत न हो।

(ii) फ़सल को लाभ न पहुँचे

(iii) किसान प्रसन्न न हो

(iv) नदी-तालाब न भर जाएँ

(ङ) गद्यांश का मुख्य भाव क्या है?

(i) बादल का बरसना

(ii) चिड़ियों द्वारा खेत का चुगना

(iii) किसान का पछतावा करना

(iv) समय का सदुपयोग

प्रश्न 2. निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए- [1×5=5]

आज करना है जिसे, करते उसे हैं आज ही।सोचते कहते हैं जो कुछ कर दिखाते हैं वही ।।

मानते जी की हैं सुनते हैं, सदा सबकी कही।जो मदद करते हैं अपनी इस जगत में आप ही ॥

भूलकर भी दूसरों का मुँह कभी तकते नहीं।कौन ऐसा काम है, वे कर जिसे सकते नहीं॥

(क) कर्मवीर समय का सदुपयोग किस तरह करते हैं?

(i) हर काम को समय पर करते हैं। (ii) आज का काम कल पर नहीं छोड़ते।

(iii) बेकार की बातों में समय बरबाद नहीं करते। (iv) आलस्य में समय नहीं गॅवाते हैं।

(ख) कर्मवीर के काम करने के तरीके की प्रमुख विशेषताएँ हैं

(i) वे जो ठान लेते हैं, उसे पूरा करके दिखाते हैं, वे बेकार की बातों में समय बर्बाद नहीं करते

(ii) वे किसी के बहकावे में नहीं आते, मन में जो सोचते हैं वही करते हैं।

(iii) वे उचित काम को ही करते हैं।

(iv) वे वीरता के कार्य करते हैं, मुसीबतें आने पर कभी हिम्मत नहीं हारते

(ग) 'भूलकर भी दूसरों का मुँह कभी तकते नहीं' पंक्ति का भावार्थ है

(i) वे दूसरों की मदद के लिए हाथ पर हाथ रखकर नहीं बैठते। (ii) वे दूसरों की मदद नहीं लेते।

(iii) वे दूसरों की सलाह नहीं मानते

(iv) वे दूसरों से कोई उम्मीद नहीं रखते

(v) उपर्युक्त सभी

(घ) कर्मवीर की दो मुख्य विशेषताएँ हैं

(i) वे कर्मवीर तथा स्वाभिमानी होते हैं

(ii) वे दृढ़ संकल्पी होते हैं, वे समय का सदुपयोग करते हैं

(iii) उनकी कथनी-करनी एक जैसी होती है।

(iv) वे किसी की मदद लेने की उम्मीद में बैठे नहीं रहते

(ङ) निम्न में जगत का पर्यायवाची नहीं है

(i) लोक। (ii) दुनिया। (iii) संसार (iv) परलोक

प्रश्न 3 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए - (2×4=8)

(क) सुदामा की दीनदशा देखकर श्रीकृष्ण की क्या मनोदशा हुई? अपने शब्दों में लिखिए।

(ख) साइकिल आंदोलन' से पुडुकोट्टई की महिलाओं के जीवन में कौन-कौन से बदलाव आए है?

(ग) अंग्रेज़ के सामने बिलवासी जी ने झाऊलाल को पहचानने तक से क्यों इनकार कर दिया था? आपके विचार से बिलवासी जी ऐसा अजीब व्यवहार क्यों कर रहे थे? स्पष्ट कीजिए।

(घ) मक्खन चुराते और खाते समय श्रीकृष्ण थोड़ा-सा मक्खन बिखरा क्यों देते हैं?

प्रश्न 4- निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए - (1×4=4)

(क) भारत का नेपोलियन किसे कहा गया ?

(ख) गुप्त काल में कौन -कौन से कार्य किए गए?

(ग) प्राचीन काल में भारत का सबसे प्रसिद्ध विश्वविद्यालय कौन था?

(घ) हर्षवर्धन के शासनकाल में भारत में कौन सा चीनी यात्री आया?

प्रश्न 5-निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर लिखिए (1×8=8)

(क) ' स्त्रीत्व' किस संज्ञा का उदाहरण है ?

(1) व्यक्तिवाचक संज्ञा (2) जातिवाचक संज्ञा (3) समूहवाचक संज्ञा (4) भाववाचक संज्ञा

(ख) भ्रमर का पर्यायवाची शब्द बताईये-

(1) पंचशर(2) सहचर(3) निशाकर(4) मधुकर

(ग) अनुराग का विलोम शब्द है

(1)वीतराग। (2) वैराग्य (3) अराग। (4) विराग

(घ)प्रख्यात' शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग है -

(1) प्र। (2) प्रख्। (3) पर। (4) पर्

(ङ) बेइंसाफी' में प्रयुक्त उपसर्ग है-

(1) बे (2) इन। (3) बेइन (4) बेइ

(च)' राम ने पत्र लिखा। ' वाक्य में कौन-सा कारक है?

(1) कर्ता कारक(2) कर्म कारक(3) करण कारक(4) अपादान कारक

(छ) वह मोटा आदमी था।" 'मोटा' शब्द मे विशेषण है?

(1) गुणवाचक विशेषण✓(2) व्यक्तिवाचक विशेषण(3) भिन्नतावाचक विशेषण(4) संकेतवाचक विशेषण

(ज) दामिनी' का पर्यावाची शब्द है ।

(1)वर्षा (2) नीरद। (3) बादल। (4) विद्युत

प्रश्न 6-दिए गए विषयों में से किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए।(1×5=5)

(क)मेरी माँ (ख) मेरा प्रिय मित्र (ग) भारतीय किसान

प्रश्न 7.अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य को अवकाश के लिए प्रार्थना-पत्र लिखिए।(5×1=5)

अथवा

अपने मित्र को नव वर्ष पर शुभकामना पत्र लिखिए।